Rashtriya Swaroop Date: 22 Oct 2020 Page No:20

एमबीडी ग्रुप द्वारा अशोका, पॉवरिंग अडेप्टिव एंड लर्निंग ऐप लॉन्च

नई दिल्ली (एजेंसी)। तकनीक द्वारा संचालित शिक्षा ही शिक्षा प्रदान करने का भविष्य है। वर्तमान आवश्यकताओं को देखते हुए एमबीडी ग्रुप ने असोका, पॉवरिंग अडेप्टिव एंड लर्निंग ऐप लॉन्च किया है जो सीबीएसई, सीआईएससीई और विभिन्न स्टेट



बोर्ड के विद्यार्थियों और शिक्षकों को एक सहज सीखने की प्रक्रिया को बनाए रखने में सक्षम बनाता है, ऐप शिक्षण पद्धति में नवीनतम अनुसंधान और नवाचारों से प्रेरित है। पाठ्यक्रम में सीबीएसई, सीआईएससीई और विभिन्न स्टेट बोर्ड शामिल हैं। असोका लर्निंग ऐप कक्षा केजी से 12 के लिए एनिमेटेड सामग्री प्रदान करता है। मल्टीमीडिया समृद्ध 2डी और 3डी सामग्री का उपयोग कर बनाए गए वीडियो लेक्चर्स विद्यार्थियों को आकर्षित करते हैं, उनमें जिज्ञासा को बढ़ाते हैं व उन्हें और अधिक अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित व प्रेरित करते हैं। इस ऐप में विद्यार्थियों की हाल ही में ली गई परीक्षा से प्राप्त परिणाम के द्वारा उनकी योग्यता के स्तरानुसार प्रत्येक छात्रा के लिए व्यक्तिगत आकलन की सुविधा है। ऐप की विस्तृत विश्लेषण से विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया का पता चलता है, जिससे उन्हें अपनी पढ़ाई की तैयारी में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी कुशलता व कमियों को समझने में सहायता मिलती है ताकि वे अपनी परीक्षा की तैयारियों में सुधार कर सकें । असोका ऐप लॉन्च करते हुए एमबीडी ग्रुप की मैनेजिंग डायरेक्टर सुश्री मोनिका मल्होत्रा कंधारी ने कहा असोका ऐप एक प्रथम अन्वेषक ऐप है।